p>

Title: Need to commence direct air flight from Delhi to Jorhat and open a Kendriya Vidyalaya and Jawahar Navodaya Vidyalaya in Chiraideo District, Assam.

श्री तपन कुमार गगोई (जोरहाट): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरी कंस्टिट्यूएंसी असम का जोरहट है । मेरे कंस्टिट्यूएंसी में एक जोरहट एयरपोर्ट है । दिल्ली से जोरहट तक एयरपोर्ट की डायरेक्ट एयर कनेक्टिविटी नहीं है । इसलिए मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करता हूं कि दिल्ली से जोरहट तक एक डायरेक्ट एयर कनेक्टिविटी देन की कृपा करें । हमारे यहां टी गार्डेन है, ओएनजीसी है, स्टूडेंट हैं, जो दिल्ली पढ़ने के लिए आते हैं । इसलिए मैं दिल्ली से जोरहट तक डायरेक्ट एयर फ्लाइट देने की मांग करता हूं ।

हमारे जिले में तीन क्षेत्र हैं - जोरहाट, शिवासागर और चिराईदेव । चिराईदेव जिले में एक भी केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय नहीं है इसलिए वहां एक केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने के लिए आपके माध्यम से मंत्री महोदय को अनुरोध करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष: मणिक्कम टैगोर जी । मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं कि यह सदन और यह आसन आपका है, जितनी इसकी प्रतिष्ठा बनाकर रहेंगे उतनी ही सदन की प्रतिष्ठा बनेगी । हम आपको जो भी व्यवस्था देते है इसलिए सदन में सभी माननीय सदस्यों का संरक्षण रहे । हमारे लिए सभी माननीय सदस्य न पक्ष हैं, न विपक्ष हैं । हम सभी एक साथ देश के हित में काम करने के लिए आए हैं । मुझे कुछ सूचनाएं मिली थीं इसलिए मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं ।